भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

11.12.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 3745 का उत्तर

आंध्र प्रदेश में नई रेल लाइन हेतु सर्वेक्षण

3745. श्री एम. वी. वी. सत्यनारायणः

श्री तालारी रंगैय्याः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार आंध्र प्रदेश राज्य में नई रेल लाइनों के लिए 11 सर्वेक्षण कार्य शुरू करने की योजना बना रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और प्रस्तावित नए मार्ग कौन से हैं जिनका सर्वेक्षण होने जा रहा है; और

(ग) रेल बजट 2019-20 में घोषित की गई लाइनों के सर्वेक्षण की स्थिति और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

Sk

आंध्र प्रदेश में नई रेल लाइन हेतु सर्वेक्षण के संबंध में दिनांक 11.12.2019 को लोक सभा में श्री एम. वी. वी. सत्यनारायण और श्री तालारी रंगैय्या के अतारांकित प्रश्न सं. 3745 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित विवरण

(क) से (ग): भारतीय रेल में नई रेल लाइनों के लिए सर्वेक्षण करना एक सतत् और चालू प्रक्रिया है तथा इन कार्यों को राज्य सरकार, केन्द्रीय मंत्रालयों, संसद सदस्यों, अन्य जन प्रतिनिधियों द्वारा की गई मांगों और रेलवे की अपनी परिचालनिक आवश्यकताओं के आधार किया जाता है। सर्वेक्षण रिपोर्टों के आधार पर परियोजनाओं को लाभप्रदता, अंतिम स्थान संपर्कता, मिसिंग लिंकों और वैकल्पिक मार्गों, संकुलन/संतृप्त लाइनों के संवर्धन, सामाजिक आर्थिक विचारधारा, चालू परियोजनाओं, निधियों की समग्र उपलब्धता तथा प्रतिस्पर्धी मागों के आधार पर शुरू किया जाता है। चूंकि रेल परियोजनाएं सामान्यत: एक से अधिक राज्यों में फैली हुई हैं, इसलिए नई रेल लाइनों का राज्य-वार न तो सर्वेक्षण किया जाता है और न ही स्वीकृत की जाती हैं।

विगत तीन वर्षों अर्थात् 2017-18, 2018-19 एवं 2019-20 के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य में पूर्णत:/आंशिक रूप से पड़ने वाली 4 नई लाइनों के लिए सर्वेक्षण स्वीकृत किए गए हैं। विगत तीन वर्षों अर्थात् 2017-18, 2018-19 एवं 2019-20 के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य में पूर्णत:/आंशिक रूप से पड़ने वाली 8 नई लाइनों के लिए सर्वेक्षण कार्य पूरे कर लिए गए हैं। आंध्र प्रदेश राज्य में पूर्णत:/आंशिक रूप से पड़ने वाली 6 नई लाइनों के लिए सर्वेक्षण कार्य प्रगति पर हैं। ब्यौरा परिशिष्ट के रूप में संलग्न है। वर्ष 2019-20 के दौरान, आंध्र प्रदेश राज्य में पूर्णत:/आंशिक रूप से पड़ने वाली नई लाइनों के लिए कोई नया सर्वेक्षण कार्य स्वीकृत नहीं किया गया है।

******

Sk

आंध्र प्रदेश में नई रेल लाइन हेतु सर्वेक्षण के संबंध में दिनांक 11.12.2019 को लोक सभा में श्री एम. वी. वी. सत्यनारायण और श्री तालारी रंगैय्या के अतारांकित प्रश्न सं. 3745 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित परिशिष्ट

(क) से (ग): विगत तीन वर्षों अर्थात् 2017-18, 2018-19 और 2019-20 के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य में पूर्ण रूप से/आंशिक रूप से पड़ने वाली नई रेल लाइनों के लिए स्वीकृत सर्वेक्षणों का ब्यौरा निम्नानुसार हैं:-

क्र.सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृति का वर्ष	लंबाई (किमी)
1.	धरमावरम-बेल्लारी	2017-2018	120
2.	मंत्रालयम रोड-करन्नूल	2017-2018	101
3.	कोंडापल्ली-किरनदुल	2017-2018	250
4.	हिंदुपुरा-चित्रदुर्ग	2017-2018	132
		कुल	603

विगत तीन वर्षों अर्थात् 2017-18, 2018-19 और 2019-20 के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य में पूर्ण रूप से/आंशिक रूप से पड़ने वाली नई रेल लाइनों के लिए पूरे किए गए सर्वेक्षण निम्नानुसार हैं:-

क्र.सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृति का वर्ष	लंबाई (किमी)
1.	ओबुलावरीपल्ली-रायचोटी (वायलपाडु)	2017-2018	80
2.	चित्तूर-कुप्पम	2017-2018	135
3.	तूनी-कोटावलासा बरास्ता नरसीपट्टनम, चोडावरम, माडुगुला	2017-2018	155
4.	नरसापुर-मछलीपट्टनम	2017-2018	74
5.	सिंगरयाकोंडा-कनीगिरी	2017-2018	67
6.	कम्मबम-ओंगोल	2017-2018	113
7.	मंत्रालयम रोड-करन्नूल	2019-2020	101
8.	कुडापाह-हिंदुपुर बरास्ता कदीरी (कडापा-हिंदुपुर बरास्ता कदीरी)	2019-2020	236
		कुल	961

Sk

आंध्र प्रदेश राज्य में पूर्ण रूप से/आंशिक रूप से पड़ने वाली नई रेल लाइनों के लिए सर्वेक्षण की प्रगति निम्नानुसार हैं:-

क्र.सं.	परियोजना का नाम	लंबाई (किमी)
1.	द्रोणाकल-मिरयालगुडा	120
2.	सिंगरयाकोंडा-कनीगिरी	60
3.	दरसी-नरसारावपेट	65
4.	धरमावरम-बेल्लारी	120
5.	हिंदुपुर-चित्रदुर्ग	132
6.	कोंडापल्ली-किरनदुल	250
	कुल	747

******

Sk